रोहतक
मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 27, अंक : 327
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 6.0

आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




03 मानसी-तुलसी को स्वर्ण भगत को दो रजत पदक





**SHOWROOMS: HARYANA: ROHTAK:** RENAULT Rohtak City Mob: +91 9311700651. **BHIWANI:** RENAULT Bhiwani Mob: +91 8588874682. **HISAR:** RENAULT Hisar Mob: +91 7428190240. **JHAJJAR:** RENAULT Jhajjar Mob: +91 8130501404. **JIND:** RENAULT Jind Mob: +91 9582547926. **KAITHAL:** RENAULT Kaithal Mob: +91 9582331769. **KARNAL:** RENAULT Karnal Mob: +91 8588891560. **KURUKSHETRA:** RENAULT Kurukshetra Mob: +91 8588875152. **PANIPAT:** RENAULT Panipat Mob: +91 8588891170. **SONIPAT:** RENAULT Sonipat Mob: 9289631444. **REWARI:** RENAULT Rewari Mob: +91 9643335838. **SIRSA:** RENAULT Sirsa Mob: +91 9643357807. **YAMUNANAGAR:** RENAULT Yamunanagar Mob: +91 9311733968.

## खबर संक्षेप

### 2024 में मेवात में कमल खिलेगा : नायब सैनी

**चंडीगढ़।** नूंह जिला की पटेल वाटिका में आयोजित नागरिक अभिनदंन समारोह में बोलते हुए दावा किया कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मेवात की सभी सीटों पर कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार लगातार जनहित में काम कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ प्रदेश के हरेक गरीब को मिल रहा है और मेवात में भी मनोहर सरकार ने युवाओं को रोजगार दिया है तथा गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की है।

### घसौला में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि का चयन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना के अंतर्गत पलवल, फतेहाबाद, चरखी दादरी और कैथल में भी जल्द ही इस योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और कैथल में शिलान्यास भी किया जा चुका है। चरखी दादरी के गांव घसौला में भी जमीन का चयन किया जा चुका है और आगामी प्रक्रिया को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

### भारत संकल्प यात्रा से जुड़ रहे हजारों लोग

**चंडीगढ़।** केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। अब तक पूरे प्रदेश में कुल 2075 स्थानों पर कार्यक्रम हुए है।

### जजपा ने पंचायतीराज प्रकोष्ठ का किया विस्तार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 80 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद पंचायतीराज प्रकोष्ठ में 80 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। अम्बाला शहर में बलकार सिंह कंगवाल, नारायणगढ़ में नरेश लाखनोरा, अम्बाला कैन्ट में हरबिंदर बाड़ा, मुलाना में मंजीत सिंह, लोहारू में दिलबाग श्योराण, तोशाम में उमेद सिंह सहारण, बवानी खेड़ा में दयानंद गढ़वाल व अन्य जगह नियुक्तियां की।

### लोक संपर्क समितियों में सदस्य नामित

**चंडीगढ़।** सरकार ने फतेहाबाद और भिवानी जिलों के लिए जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समितियों में गैर-सरकारी सदस्यों को नामित किया है। इस आशय का आदेश सोमवार यहां मुख्य सचिव द्वारा जारी किया गया है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन राममयी होगा प्रदेश

**चंडीगढ़।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रदेश भर में दिवाली जैसे माहौल दिखाई देगा। भगवान राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में घर-घर दीप जलाए जाएंगे और हर मंदिर में राम भजन गूंजेंगे। यानि शहर-शहर, गांव-गांव आपको दिवाली की तरह ही जगमगाता दिखाई देगा।इस ऐतिहासिक खुशी में प्रदेश का हर परिवार शामिल हो, इसके लिए विश्व हिंदू परिषद ने पूरी योजना तैयार कर ली है।

### ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट की ट्रॉफी लॉन्च

**चंडीगढ़** । पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी दो जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आगाज का होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को प्रतियोगिता होगी। सोमवार को जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को लॉन्च किया है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। टूर्नामेंट में नामी टीमें हिस्सा लेगी।

## मुख्यमंत्री ने कार्यकाल का ब्योरा रखा, बोले- भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस

# 1 लाख 6 हजार को नौकरी दी, 61 हजार पाइपलाइन में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने मेरिट पर सरकारी नौकरियों में भर्ती की प्रक्रिया को अपनाते हुए क्लास-1 और 2 की 11,500 तथा क्लास-3 व 4 की 1 लाख 6 हजार पदों पर भर्तियां की गई हैं। इसके अतिरिक्त क्लास-1 व 2 के 3200 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है और ग्रुप सी व डी के लगभग 61 हजार पदों पर भर्तियां पाइप लाइन में हैं। इस प्रकार हमारी सरकार में कुल 1 लाख 67 हजार भर्तियां हो जाएंगी। जबकि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में एचपीएससी की 8700 तथा एचएसएससी की 93 हजार ही भर्तियां हुई थी। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बोल रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को लेकर भी विपक्ष द्वारा लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने पारदर्शी तरीके से नौकरी देने के लिए ठेकेदारी प्रथा को खत्म करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम गठित किया है। इस सरकारी प्लेटफॉर्म के तहत 1,05,728 पुरानी मैनपावर को समायोजित किया गया है और 12,885 नये लोगों को नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा प्रदेश में बेरोजगारी के आंकड़ों को लेकर की जा रही बयानबाजी पूरी तरह से तथ्यों से परे है। विपक्ष हमेशा एक निजी संस्था, सीएमआईए के आंकड़ों पर खेलता है, जबकि उसके आंकड़े हमेशा बदलते रहते हैं। एक माह पहले यह संस्था हरियाणा में बेरोजगारी का 22 प्रतिशत, अगले ही माह 34 प्रतिशत और फिर 28 प्रतिशत का आंकड़ा दर्शाती है। जबकि इसी संस्था ने नवंबर माह का आंकड़ा 8 प्रतिशत दर्शाया है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन ने भी बेरोजगारी का आंकड़ा 9 प्रतिशत बताया है, हालांकि यह भी सैंपल आधारित होता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवारों के डाटा में लोगों ने स्व घोषित बेरोजगारी बताई है।

■ पिछली सरकार में एचपीएससी की केवल 8700 भर्तियां हुई, हमारी सरकार में हुई 11,500 और 3200 पदों के लिए विज्ञापन जारी

■ मुख्यमंत्री बोले, विपक्ष हमेशा एक निजी संस्था, सीएमआईए के आंकड़ों पर खेलता है, जबकि उसके आंकड़े हमेशा बदलते रहते हैं

### सरकार का लक्ष्य जीरो ड्रॉप आउट

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जीरो ड्रॉप आउट का है, इसके लिए 6 से 18 आयु वर्ष के बच्चों को स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा और उन्हें स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करवाई जाएगी। हालांकि कुछ बच्चे गुरुकुल या मदरसों में भी जाते हैं, उनकी भी जानकारी ली जाएगी।

### सदन ने लेफ्टिनेंट अक्षत के निधन पर शोक जताया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन के दौरान सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के लेफ्टिनेंट अक्षत के निधन पर शोक जताया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के भतीजे देवेंद्र ढांडा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत परिवारों के सदस्यों को सांत्वना दी।

### जुलाना उपमंडल में नियुक्तियां जल्द

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि जुलाना को उपमंडल बनाने के लिए गत 7 दिसंबर 2023 को अधिसूचना जारी कर दी गई है , जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी। वे शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे। डिप्टी सीएम ने बताया कि जुलाना को उपमंडल के रूप में दर्जा तो दे दिया गया है।

### यौन शोषण मामले में राजनीति कर रही सरकार : हुड्डा



नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यौन शोषण के आरोपी प्रिंसिपल पर उचित कार्रवाई और मामले की सीबीआई से जांच करवाने के स्थान पर सरकार पीड़ित बच्चियों की आवाज उठाने वाली विधायक गीता भुक्कल के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी करने में जुटी है। हुड्डा ने शायराना अंदाज में कहा- जब दिल में दर्द है तो हंसते क्यूं हैं, हर रोज/ दिनरात मेरा नाम जपते क्यों हैं, कभी पुराने अखबार उठाकर पढ़ना तो पता चलेगा, सारे मुजरिम मेरे नाम से डरते क्यों हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने उपमुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में विधायक व पूर्व मंत्री गीता भुक्कल के विरुद्ध की गई टिप्पणियों पर जवाब दिया।

### अभय चौटाला ने भी उठाया मामला



इनेलो विधायक अभय चौटाला ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न पर प्रश्न किया। सदन में पूछा कि सरकार यह बताए कि यौन शोषण के मामले में जितनी शिकायते आपके पास आई हैं, क्या सभी पर कार्रवाई हुई है। 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की संख्या 16 हजार 658 थी जो यह संख्या 2022 में बढ़ गई। उपुलिस की तरफ से जो कार्रवाई होनी चाहिए थी उसमें भी केवल 57.2 प्रतिशत मामलों में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है।

### 24 मामले आए,17 में कोर्ट में केस चल रहे : विज



गृह मंत्री अनिल विज ने खिलाड़ियों के खिलाफ यौन शोषण के संबंध में कहा कि खिलाड़ियों के खिलाफ यौन शोषण के सिर्फ 24 मामले आए थे जिसमें से 17 के केस कोर्ट में चल रहे हैं। विज विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 6 केसों में जांच के दौरान कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं और 4 केस में अभियुक्त के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जाहं तक राज्य मंत्री संदीप सिंह का मामला है उसकी जांच चंडीगढ़ प्रशासन के अधीन हैं। लेकिन इस केस के मामले में एडीजीपी ममता सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी जिसने अपनी रिपोर्ट दे दी है।

### कैथल में एमसीएच विंग विचाराधीन

गृह एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि कैथल शहर के पुराने नागरिक अस्पताल परिसर में 100 बेड का एमसीएच (मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य) विंग स्थापित किया जाना विचाराधीन है। निर्माण कार्य आवश्यक स्वीकृतियां जारी होने के बाद 2 से 3 साल की अवधि में पूर्ण होने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही बनाकर दिया जाएगा। विज यहां विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में आठ स्थानों पर एमसीएच अस्पताल बनाये जा रहे हैं जिनमें पंचकूला, पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, नल्हड़ (नूंह), कैथल और सिरसा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार का लक्ष्य है।

### अस्पतालों में मनोचिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि अब उपमंडल नागरिक अस्पताल, डबवाली में वर्तमान मनोचिकित्सक को स्थायी तौर पर तैनात किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उपमंडल नागरिक अस्पताल, डबवाली में पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर एक मनोचिकित्सक तैनात है और नशा मुक्ति केंद्र में कार्यरत है। विज यहां विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।उपमंडल नागरिक अस्पताल, डबवाली में मनोचिकित्सक की तैनाती के संबंध में उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे पता करेंगें और अगर उन्होंने विधानसभा में कहा था तो इस पर जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि मनोचिकित्क की विभाग में बहुत कमी है और हमने 29 डाक्टरों को बैंगलोर से मनोचिकित्सक का डिप्लोमा करवाया है तथा 54 मेडिकल अधिकारियों को चण्डीगढ से प्रशिक्षण करवाया जा रहा है।

### विकास कार्यों पर सरकार का फोकस

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि नगर निगम, फरीदाबाद व नगर परिषद, पलवल में शामिल 11 गावों के विकास के लिए कुल 3419.23 लाख रुपये खर्च किए हैं। इसके अतिरिक्त, इन 11 गांवों के विकास के लिए अमृत-2 योजना के तहत 133.52 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया गया है।

### 36 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने बताया कि वर्ष 2022-23 में राज्य के सरकारी विद्यालयों में छात्रों के नामांकन पूर्व महामारी वर्ष 2019-20 से 16.57 प्रतिशत अधिक था।कंवर पाल ने यहां हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गोहाना से विधायक जगबीर सिंह मलिक द्वारा उठाए गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया कि राजकीय विद्यालयों में छात्राओं का नामांकन बढ़ाने हेतु कक्षा 6 से 8 के लिए 36 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 36 शैक्षणिक पिछड़ापन खंड स्वीकृत किये हैं। कुल 36 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में से 36 कार्य कर रहे हैं। कुल 36 कार्यशील कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में से 22 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को पहले ही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तक स्तरोन्नत किया गया है। राजकीय विद्यालयों में छात्रा नामांकन बढ़ाने के लिये कक्षा 9 से 12 की छात्राओं हेतु 36 शैक्षणिक पिछड़ापन खंडों में 100 लड़कियों की प्रवेश क्षमता वाले 36 छात्रावास को मंजूरी दी गई है।

### वन लगाने को 500 एकड़ भूमि की तलाश

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार वन लगाने के लिए वैकल्पिक तौर पर करीब 500 एकड़ भूमि की तलाश कर रही है ताकि सड़क आदि के निर्माण और चौड़ा करते समय कटाई किए गए पेड़ों की भरपाई की जा सके। इससे लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण और चौड़ाई के काम को भविष्य में गति मिल सकेगी। चौटाला विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि कैथल से चीका तक (कैथल शहर, सीवन कस्बा और चीका को छोड़कर 4-लेन का कार्य केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत 129.40 करोड़ रूपये की मंजूरी 30 मार्च 2023 को दी गई थी।उन्होंने बताया कि हालांकि, कैथल-चीका-पटियाला रोड पर 40 मिमी बिटुमिनस कंक्रीट के प्रावधान के साथ विशेष मरम्मत का कार्य किमी. 202.63 से 204.50, 205.80 से 209.00, 209.00 से 209.50 से 211.27 एवं कि.मी. 211.27 से 227.44 तक हुआ है।

### सफाई में लापरवाही पर लाडवा पालिका का सचिव निलंबित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में स्वच्छता अभियान के तहत शहरों में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपना रहे हैं। इसी के मद्देनजर शहर से कूड़ा उठाने के निर्देश में कोताही बरतने के चलते लाडवा नगर पालिका के सचिव, जिनके पास निसिंग नगरपालिका का भी अतिरिक्त प्रभार है, को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने गत दिवस जिला उपायुक्तों, जिला नगर आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान शहरों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह भी सख्त निर्देश दिए थे कि शहरों में कचरे के ढेर न दिखाई दें, कार्य में कोताही करने वालों पर कार्रवाई होगी।

## प्रदेश बेरोजगारी में टॉप पर, 2 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े : सुशील गुप्ता




**चंडीगढ़** । आम आदमी पार्टी ने प्रदेशस्तरीय बदलाव यात्रा के चौथे दिन आप नेताओं ने हरियाणा में बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा। चौथे दिन प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता पलवल में रहे। प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर फतेहाबाद, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा रेवाड़ी और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा जगाधरी में रहीं। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है। 2 लाख से ज्यादा पद हरियाणा में रिक्त हैं। इनमें 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस में 21500, परिवहन में 10000, पशुपालन में 5500, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग में 5000, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 3000 पद रिक्त पड़े हैं। सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा हाल ही में हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है कि आंकड़ों को खेल खेलना बंद करें और बताएं कि प्रदेश में रोजगार के लिए क्या किया जा रहा है। भाजपा सरकार के राज में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे युवावर्ग परेशान हो रहा है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

| अपराधी का नाम व पता | मुकदमों का विवरण |
|---|---|
| 1. AJIT S/O PRITAM R/O VILLAGE RAKSHERA PS SAMALKHA, DISTT. PANIPAT STATE HARYANA | FIR NO. 151 OF 2016 U/S 148/149/323/506 PS GANAUR |

उपरोक्त सूची में दर्शाया गया अपराधी माननीय न्यायालय Ms. Soniya Sheokand SDJM/GNR से 82 CrPC में Warrant of Arrest जारी किये गये हैं। उपरोक्त अपराधी को दिनांक 20.12.23 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश होना है। यदि वह न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यदि इस अपराधी बारे किसी भी व्यक्ति को सूचना मिलती है तो वह निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित कर सकता है।

**प्रबन्धक थाना गन्नौर मो. न.- 7419410542**
**मोहर्र थाना गन्नौर मो. न.- 7419410642**
**अनुसंधानकर्ता मो. न.- 94166-30404**
**कंट्रोल रूम मो. न.- 0130-2222903**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस उपायुक्त,
मुख्यालय सोनीपत।
दि. 18-12-23

पीआरडीएच-1084/11/1994/2024/23505/88/6 दि. 18.12.23

## उपायुक्त कार्यालय, भिवानी

भिवानी जिला (हरियाणा) के बहल और लोहारु ब्लॉक्स में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आकांक्षी ब्लॉक फैलोज के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| पदनाम | पद की सं. | प्रतिफल/वेतन |
|---|---|---|
| आकांक्षी ब्लॉक फैलो | 02 (प्रत्येक ब्लॉक हेतु एक) | रु. 55,000/- प्रति माह |

**योग्यता एवं अपेक्षित कौशल**

1. किसी प्रतिष्ठित संस्थान से किसी भी संकाय में स्नातकोत्तर।
2. डेटा विश्लेषण और प्रस्तुति कौशल होना चाहिए
3. सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना चाहिए
4. परियोजना प्रबंधन कौशल होना चाहिए
5. किसी विकास संगठन के साथ कार्य करने/इंटर्नशिप का अनुभव
6. अच्छे संचार कौशल के साथ स्व-संचालित
7. संबंधित आकांक्षी ब्लॉक की स्थानीय भाषा की जानकारी।


अधिक विवरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट https://bhiwani.gov.in (समाचार/प्रेस रिलीज) पर पधारें। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन (पीडीएफ फॉर्मेट में) ई-मेल :- abpbhiwani@gmail.com पर 31.12.2023 तक भेज सकते हैं।

हस्ता/- उपायुक्त,
भिवानी

पीआरडीएच-1029/11/395/2024/23484/88/6 दि. 18.12.23

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**मुकदमा संख्या 364 दिनांक 20.11.23 धारा 302,201 भा.द.स. थाना आई.एम.टी. रोहतक।**




**अदमपता नाश की पहचान**
**नाम** - ना मालुम
**पिता/पति का नाम** - ना मालुम
**पता**- ना मालुम
**उम्र**- करीब 25-30 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 6 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुआ गोल चेहरा, मजबुत शरीर
**पहनावा** - दाहिने हाथ की कलाई पर काला डोरा बन्धा हुआ, ग्रे रंग की गोल गले की फुल जिस पर CHICAG BULLS व बैल के हे का सफेद रंग का लोगो, बाजु शर्ट पहने हुए, काली सफेद धारीदार शर्ट, काली बनीयान, महरुम रंग की पैन्ट व काले रंग का कच्छा पहने हुए गली सड़ी अवस्था में मिली है ।

दिनांक 20.11.2023 को भालौठ ब्रांच नहर नजदीक दिल्ली रोहतक रोड जवाहर लाल नेहरु नहर मे नामपता नामालूम व्यक्ति (पुरुष) की नाश गली सडी अवस्था मे नहर मे मिली है। जो नाश 72 घंटे शिनाख्त के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखी गई है। यदि किसी थाना/व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे ।

1. प्रबन्धक थाना आई. एम.टी. रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई. एम.टी. रोहतक - 9416859076

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 537 दिनांक 14.12.23 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - वजीर
**पति का नाम** - पुत्र श्री जगमाल
**पता**- गांव फरमाणा बादशापुर जिला रोहतक
**उम्र**- 48 वर्ष
**कद**- 5 फुट 9 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बी नाक, काले बाल, काली आँखे,
**पहनावा** - आसमानी रंग की टी सर्ट, काले रंग की पैंट व पैरों में काले रंग के जुते पहने हुए है।

दिनांक 14.12.23 को वजीर पुत्र श्री जगमाल निवासी गांव फरमाणा बादशाहपुर थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 8708397443

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 791 दिनांक 14.12.2023 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अनुज
**पिता/पति का नाम** - वजीर
**पता**- गांव बालन्द जिला रोहतक ।
**उम्र**- 13 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा व आँखो से भंगा है।
**पहनावा** - पीले रंग का ट्रैक सुट पहने हुए।

दिनांक 14.12.2023 को अनुज पुत्र श्री वजीर निवासी गांव बालन्द थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295888887

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 931 दिनांक 14.12.23 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सन्जु
**पिता/पति का नाम** – पत्नी दीपक
**पता**- गढी मौहल्ला जिला रोहतक ।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा** - हरे रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 14.12.23. को सन्जु पत्नी श्री दीपक निवासी गढी मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468116495

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 791 दिनांक 14.12.2023 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सन्दीप
**पिता/पति का नाम** - पुत्र श्री अनिल
**पता**- गांव बालन्द जिला रोहतक ।
**उम्र**- 13 वर्ष
**कद**- 4 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा व एक कान कटा हुआ।
**पहनावा** - नहीं पता ।

दिनांक 19.11.2023 को सन्दीप पुत्र श्री अनिल निवासी गांव बालन्द थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295888887

पीआरडीएच-1084/11/1993/2024/23487/88/6 दि. 18.12.23

**रोहतक**
मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 27, अंक : 327
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 21.0
न्यून. 6.0



03 पाटीदार या रिंकू को मिलेगा पदार्पण का मौका, अफ्रीका के खिलाफ वनडे आज




## ईडी ने केजरीवाल को 21 दिसंबर को तलब किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। संघीय एजेंसी ने पहली बार उन्हें दो नवंबर को पेश होने के लिए बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। भाषा

विपक्ष ने जहरीली शराब और नशे की ओवरडोज का भी मामला उठाया

# विधानसभा में गूंजा खिलाड़ियों के यौन शोषण व छात्राओं से छेड़छाड़ का मुद्दा

सदन में मुख्यमंत्री मनोहर ने गीता पर हाथ रखकर खाई कसम

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

विधानसभा के शीतकालीन-सत्र के दूसरे दिन भी सदन में जींद के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के यौन शोषण, खिलाड़ियों के यौन शोषण, जहरीली शराब और नशे की ओवरडोज का मुद्ध गूंजा। विपक्ष ने सरकार पर जमकर प्रहार किए। हंगामा के कारण विस स्पीकर को कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस विधायक गीता भुक्क, नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और स्पीकर के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद सीएम मनोहर ने कहा कि इस मुद्दे पर मंगलवार को विचार किया जाएगा। स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और सदन के नेता ने दोहराया कि जब विधानसभा में बहुमत के साथ यौन शोषण के मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाने का फैसला लिया तो हंगामा क्यों। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि हाउस के फैसले के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग की ओर से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने को कहा गया था, जहां से कोई जवाब आने पर आगे के लिए विचार करेंगे। लेकिन देर शाम तक चली कार्यवाही के दौरान सीएम ने सदन में इस पर मंगलवार को विचार की बात कही है।

एचपीएससी की भर्ती में नहीं होने देंगे धांधली
गड़बड़ी में कोई नहीं बचेगा, जो शामिल मिला उसे बर्खास्त करेंगे
अनिल विज और भूपेंद्र हुड्डा के बीच तीखी नोकझोक



### जहरीली शराब पर विज का जवाब

सूबे में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला भी गूंजा, विपक्ष की ओर से शराब से हुई मौतों को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। इस पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विस्तार से जवाब दिया और बताया कि मौतों के मामले में पहली बार बड़ी कार्रवाई हुई है। सदन के अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान दो संशोधन विधेयक पारित किए गए। सदन में अनुपूरक मांगे भी रखी गई।

### विधायक पर हमला ठीक नहीं : हुड्डा

शून्यकाल की शुरुआत होते ही छात्राओं के यौन शोषण मामले में डिप्टी सीएम द्वारा विधायक गीता भुक्कल पर आरोप लगाए जाने पर नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आपत्ति उठाई साथ ही सिटिंग जस्टिस से जांच के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन में मामला उठाने वाली विधायक पर ही हमला किया जाना ठीक परंपरा नहीं है। सिटिंग जज से कभी जांच नहीं कराई जाती, लेकिन मुख्यमंत्री व स्पीकर ने कहा कि सदन में पहले दिन जब फैसला लिया गया, तो उस वक्त कोई नहीं बोला।

### इन्होंने भी उठाए मुद्दे

जहरीली शराब मुद्दे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा हुई, तो इनेलो की ओर से अभय सिंह चौटाला, कांग्रेस की ओर से बिशनलाल सैनी, किरण चौधरी, नीरज शर्मा ने मुद्दा उठाया। चौटाला ने लगातार नशे से युवाओं की मौतों पर चिंता जाहिर की व सरकारी आंकड़ों पर सवाल खड़े किए। विज जिस वक्त जवाब दे रहे थे उस दौरान विपक्ष की ओर से जमकर टोकाटाकी भी हुई। अभय चौटाला ने इशारों ही इशारों में भतीजे व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर भी हमला बोला स्पीकर व विज पर उनका बचाव करने का आरोप भी लगाया। बलराज कुंडू ने भी सदन में सरकार पर हमला बोला व कहा कि यह युवा पीढ़ी के लिए भयंकर खतरा पैदा हो गया है।

### ये बिल पास

दूसरे दिन सत्र के दौरान दो विधेयक भी देर शाम को पारित किए गए। जिसमें हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन (संशोधन) विधेयक,2023 और हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2023 शामिल हैं।

### भ्रष्ट अधिकारियों को बर्खास्त करेंगे

मुख्यमंत्री ने विपक्ष की ओर से पर्ची खर्ची और हरियाणा लोक सेवा आयोग में पकड़े गए एक अधिकारी का मामला उठा दिए जाने को लेकर खड़े हुए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने सदन में गीता निकाल ली और कसम खाते हुए कहा कि किसी भी स्तर के कोई भी अधिकारी की संलिप्ता पाई गई, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा, तुरंत बर्खास्त किया जाएगा।

1989 की राजीव सरकार के बाद सबसे बड़ा निलंबन, तब 63 सांसद निलंबित हुए थे

# हंगामा कर रहे लोकसभा और राज्यसभा के 78 सांसद निलंबित

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण सोमवार संसद की कार्यवाही बाधित रही और कई बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे से नाराज लोकसभा अध्यक्ष ने 30 सदस्यों को सत्र की शेष अवधि के लिए और 3 अन्य सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया। इनमें कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के 11 सांसद, तृणमूल कांग्रेस के 9, डीएमके के 9 और 4 अन्य दलों के सांसद शामिल हैं। इसके बाद बैठक अपराह्न तीन बजे के कुछ मिनट बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में भी संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर घमासान जारी रहा और सभापति जगदीप धनखड़ ने 45 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। इनमें कांग्रेस के 9, सीपीआई(एम) के 2, डीएमके और सीपीआई के 1-1 सांसद थे। इनके अलावा, राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को भी 14 दिसंबर को सस्पेंड किया गया था। सोमवार को दोनों सदनों से 78 सांसद सस्पेंड कर दिए गए। शीतकालीन सत्र से अब तक कुल मिलाकर 92 सांसदों को सस्पेंड किया जा चुका है।

लोस से कांग्रेस के 11, तृणमूल के 9, डीएमके के 9 और अन्य 4 पर निलंबित
राास में कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) के 2, डीएमके व सीपीआई के 1-1 पर कार्रवाई



### दोनों सदनों की स्थिति

**राज्यसभा:** सांसदों की कुल संख्या 245 है। इसमें भाजपा व उसके सहयोगी दलों के 105, आई.एन.डी.आई.ए के 64 व अन्य 76 हैं। इनमें से विपक्ष के 46 सांसद पूरे सेशन के लिए सस्पेंड कर दिए हैं।

**लोकसभा:** सांसदों की कुल संख्या 538 है। इसमें एनडीए के 329, आई.एन.डी.आई.ए के 142 और अन्य दलों के 67 सांसद हैं। इनमें से 46 सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड हो चुके हैं।

**घटना पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण : बिड़ला:** लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही शुरू होते ही कहा कि घटना पर राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है।
**आवाज दबाई जा रही : अधीर :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार का काम है सदन चलाना। हमें निलंबित करके आवाज दबाई जा रही है।

### सबसे ज्यादा बार कब सस्पेंड

**1989:** राजीव गांधी के समय एक बार में विपक्ष के 63 सांसदों को सस्पेंड किया गया था।
**2013:** लोस की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को 5 दिन के लिए सस्पेंड किया।
**2012:** तेलंगाना के मुद्दे पर ही हंगामा करने पर कांग्रेस के 8 सांसद निलंबित हुए।
**2022:** रास के 19 सांसदों को पूरे सत्र से निलंबित किया।
**2021:** रास के 12 सांसदों को पूरे सत्र से निलंबित किया।
**2020:** रास के 8 सांसदों को 21 सितंबर को निलंबित किया।
**2019:** टीडीपी व एआईडीएमके के 45 सांसदों को सस्पेंड किया।
**2015:** लोकसभा से 25 कांग्रेस सांसदों को पांच दिन के लिए निलंबित किया गया।

# जींद में नीलम के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

संसद के बाहर कलर स्मॉग के साथ प्रदर्शन करने वाली उचाना के गांव घसो खुर्द निवासी नीलम के घर रविवार रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ दस्तक दी। टीम ने करीब दो घंटे तक नीलम के कमरे को खंगाला। उसके कमरे से तीन बैंक खातों की कॉपी, एक आई कार्ड, डायरी व किताबों को कब्जे में ले लिया। अब रहस्य यह गहरा रहा है कि बेरोजगार के पास तीन अलग-अलग बैंक खातों क्या जरूरत थी। सूत्रों की मानें तो इशारा फंडिग की तरफ मिल रहा है।

**गांव घसो में खंगाला घर, कई दस्तावेज जब्त, तीन बैंक अकाउंट की कॉपी, डायरी, किताबें ले गई**

### टीम में ये शामिल

नीलम के घर पर दिल्ली के एसीपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में स्पेशल टीम पहुंची। टीम में दो महिला पुलिसकर्मी तो दर्जनभर से ज्यादा पुरुष पुलिसकर्मी शामिल थे। सुरक्षा की दृष्टि से उचाना थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जिस समय स्पेशल टीम ने नीलम के घर दस्तक दी, उस दौरान ग्रामीण व उसके परिजन सोए हुए थे। स्पेशल टीम नीलम के कमरे में तलाशी अभियान चलाया। सर्च अभियान 10:40 से लेकर मध्यरात्रि 12:32 तक चली।

### कोर्ट के माध्यम से मिलेंगे परिजन

परिवार के लोगों ने टीम से नीलम से मिलने के बारे में पूछा तो टीम ने कहा कि कोर्ट के माध्यम से ही वे नीलम से मिल सकते हैं। सूत्रों के अनुसार नीलम से जुड़े रहे लोग भी टीम के राडार पर हैं। उनकी कुंडली भी स्पेशल टीम खंगाल रही है। वे लोग भी जांच का हिस्सा हो सकते हैं।

### एक और छात्रा के घर दस्तक

सूत्रों का कहना है कि स्पेशल टीम ने जींद इलाके में एक और छात्रा के घर दस्तक दी थी। जो नीलम की रूम मेट रही है। यह कार्रवाई पूरी तरह से गोपनीय रखी गई। नीलम के भाई रामनिवास ने बताया कि देर रात को दिल्ली पुलिस की टीम घर पर आई थी। जिन्होंने नीलम के कमरे की तलाशी ली ओर वहां से तीन बैंक कॉपी, एक आईकार्ड, डायरी व कुछ किताबें अपने साथ ले गई है। टीम ने उसके कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी करवाए हैं।

युवती के साथ एक साल बाद गांव आया था युवक मोनू

# रोहतक में लिवइन पार्टनर्स ने जहर खाकर दी जान

**सांपला/रोहतक।** गांव समचाना में लिवइन पार्टनर्स ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां दोनों ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि समचाना गांव निवासी युवक 24 वर्षीय मोनू और युवती करीब 1 साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। रविवार को ही दोनों करीब एक साल बाद अपने घर पर पहुंचे थे। जब दोनों ने जहर खाया उस समय युवक की मां बाहर गई हुई थी। युवती हिसार जिले के एक गांव की रहने वाली बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि दोनों करीब 1 साल से एक साथ बहादुरगढ़ में रहते थे। रविवार को ही दोनों समचाना गांव आए थे।

युवक समचाना और लड़की हिसार की निवासी थी

### मजदूरी करता था मोनू

ग्रामीणों ने बताया कि मोनू के पिता का पहले निधन हो चुका है। मोनू बहादुरगढ़ में मजदूरी का काम करता था। मोनू व लड़की रिलेशनशिप में रहते थे। पुलिस घटना की जांच में लगी है।

### मानसिक परेशानी के चलते सुसाइड

जांच अधिकारी एसआई विनोद कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है। परिवार वालों ने किसी पर संदेह नहीं जताया है। प्राथमिक जांच के अनुसार मानसिक परेशानी के चलते जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड किया लग रहा है।

ज्ञानवापी: एएसआई ने कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

# खंडित मूर्तियां, घड़ा, चिन्ह जैसे 250 अवशेष मिले!

**वाराणसी (भाषा)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में सोमवार को वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी। जिला न्यायाधीश ने लिफाफा खोलने और पक्षकारों को सर्वेक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए 21 दिसंबर की तिथि तय की है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट 1000 से ज्यादा पेज की है। ASI को ज्ञानवापी के सर्वे के दौरान खंडित मूर्तियां, घड़ा, चिह्न जैसे 250 अवशेष मिले थे। इन्हें डीएम की निगरानी में लॉकर में जमा कराया गया था। कोर्ट को 2 पेन ड्राइव, 2 हार्ड डिस्क, 1000 पेज से अधिक की पीपीटी रिपोर्ट सौंपी गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि जीपीआर रिपोर्ट अमेरिका में तैयार की गई है।

**गुजरात हाईकोर्ट की टिप्पणी** महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर चुप्पी तोड़ने की जरूरत

*कोर्ट ने कहा, रेप आखिर रेप है चाहे वह पति ही क्यों न करे*

# महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात हाईकोर्ट ने सोमवार को देश में मेरिटल रेप को लेकर जारी बहस के बीच कहा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़े जाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि बलात्कार आखिर बलात्कार होता है, भले ही यह किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ ही क्यों न किया गया हो। भारत में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर कायम चुप्पी को तोड़ने की जरूरत है। हाल में में दिए गए एक आदेश में, न्यायमूर्ति दिव्येश जोशी ने कहा कि भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की वास्तविक घटनाएं सामने आने वाले आंकड़ों से संभवतः कहीं अधिक हैं।

### इसे मामूली अपराध न समझें

हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि पीछा करने, छेड़छाड़, मौखिक और शारीरिक हमले जैसी कुछ चीजों को समाज में आम तौर पर मामूली अपराध के रूप में चित्रित किया जाता है और साथ ही सिनेमा जैसे लोकप्रिय माध्यमों में इसे प्रचारित भी किया जाता है। इसमें कहा गया कि जहां यौन अपराधों को लड़के तो लड़के ही रहेंगे के चश्मे से देखा जाता है और अपराध को नजरअंदाज किया जाता है, उसका पीड़ित लोगों पर एक स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसे मामूली अपराध न समझा जाए।



### जमानत खारिज

अदालत ने बहू के साथ क्रूरता और आपराधिक धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार एक महिला की नियमित जमानत याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। आरोप है कि महिला के पति और बेटे ने बहू के साथ बलात्कार किया तथा पैसे कमाने के लालच में अश्लील साइट पर पोस्ट करने के लिए निर्वस्त्र अवस्था में उसके वीडियो बनाए। इसने कहा, ज्यादातर (महिला पर हमला या बलात्कार) मामलों में, सामान्य प्रथा यह है कि यदि पुरुष पति है, लेकिन वह पर पुरुष के समान आचरण करता है, तो उसे छूट दी जाती है। मेरे विचार में, इस चीज को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



## खबर संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद

**हिसार।** अदालत ने 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व रेप करने के दोषी विकास को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने विकास को 12 दिसंबर को दोषी करार दिया था। हांसी के एक व्यक्ति की 15 साल की बेटी दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी लेकिन घर नहीं आई। पुलिस ने पांच दिन बाद किशोरी को बरामद किया। जांच में सामने आया कि किशोरी को विकास नाम का युवक बहला फुसलाकर ले गया था। आरोपित ने बच्ची के साथ रेप किया था। इस पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया था।

### ट्रक की टक्कर से घायल समेत तीन की मौत

**करनाल।** गांव बांसा के समीप असंध रोड पर एक ट्रक चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। जिससे तीनों की मौत हो गई। इनमें एक युवक पहले ही घायल था। गांव में झगड़े के दौरान एक युवक ने उसे चाकू मार दिया था। जिसका इलाज कराने के लिए अन्य युवक उसे बाइक पर बैठाकर नजदीक के अस्पताल में लेकर जा रहे थे लेकिन सड़क पर चढ़ते ही एक ट्रक ने तीनों को टक्कर मार दी और उनकी मौत हो गई। तीनों युवक गांव बांसा के ही रहने वाले थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए। तीनों युवकों की चिता एक साथ गांव में ही जली। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। तीनों मृतक 20 से 23 वर्ष के हैं।

### हिसार के गांव का मामला : बैंक की शिकायत पर पुलिस छानबीन करने में जुटी

# बेटे ने लोन नहीं चुकाया, परिवार को बाहर कर बैंक ने मकान सील किया

- लोगों ने पंचायत कर मकान पर लगी सील तोड़ परिवार को मकान के अंदर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना (हिसार)

बेटे द्वारा लिए गए लोन की किश्त नहीं चुकाने पर बैंक ने मकान को सील कर दिया और मकान में रहने वाले बुजुर्ग दंपत्ति और उनके पोती-पोतों को घर से बेदखल कर दिया। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने मकान सील करने से पहले परिवार को घर से सर्दी से बचाव के लिए कंबल-कपड़े समेत अन्य सामान भी नहीं निकालने दिया। गत 14 दिसंबर से पूरा परिवार घर के सामने झोपड़ी में रहने को मजबूर है और आस-पास से खाना मांगने को मजबूर है। मामला संज्ञान में आने के बाद क्षेत्रवासियों ने बैंक की संवेदनहीनता तथा प्रशासन के मूकदर्शक बनने की कड़ी आलोचना की। भड़के क्षेत्रवासियों ने सोमवार को पंचायत की। बैंक अधिकारियों को भी पंचायत में शामिल होने के लिए बुलाया गया, जब काफी इंतजार के बाद भी बैंक अधिकारी नहीं पहुंचे तो पंचायत में शामिल लोगों ने मकान पर लगाया ताला तोड़ दिया और ठंड में पोती-पोतों के साथ बैठे बुजुर्ग दंपत्ति को घर के अंदर ले गए।

उधर, सूचना मिलने पर बैंक अधिकारियों ने पुलिस को भी सूचित किया, लेकिन पुलिस के आने तक सील को तोड़ा जा चुका था और परिवार घर के अंदर था। इस दौरान अधिवक्ता एवं जनता सरकार मोर्चा के संस्थापक नरेंद्र कुमार ने इस मामले में बाल आयोग एवं सरकार से बैंक अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की और कहा कि वे इस मामले में अधिकारियों को शिकायत भी करेंगे। उधर, बैंक की शिकायत पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। इस कड़कड़ाती ठंड को देख लोगों ने उनकी व्यवस्था को जाना और आज कई गांव की पंचायत उनके निवास के बाहर हुई। पंचायत के लोगों ने कहा कि इस बुजुर्ग का क्या कसूर है लोन उसके पुत्र द्वारा लिया गया और वह यहां से चला गया गारंटी के तौर पर उसकी मां के हस्ताक्षर घर जाकर करवाए गए हैं और यह मकान उसकी मां के नाम है। इस उम्र में बुजुर्ग कहां जाएं साथ ही जवान लड़की व तीन और बच्चे हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया जबकि मकान सील करने से पूर्व उनकी व्यवस्था करना उनका दायित्व था। बैंक अधिकारियों को भी बुलाया, लेकिन अधिकारियों ने पंचायत में शामिल होने से मना कर दिया। एक घंटे इंतजार के बाद बैंक अधिकारी नहीं आए तो लोगों ने सील किए गए मकान का ताला तोड़ दिया और बुजुर्ग व बच्चों को मकान के अंदर ले गए।



उकलाना। ताला टूटने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस।



उकलाना। झोपड़ी में बैठे बुजुर्ग उनके बच्चे

#### दो साल से बेटे का कोई पता नहीं : प्रताप

बुजुर्ग प्रताप सिंह ने कहा कि जिस बेटे ने लोन लिया है। लगभग 2 वर्ष से उसकी कोई जानकारी नहीं। जबकि उनकी पत्नी अपने मायके चली गई। बेटा और बेटी उनके पास है। उनका लालन-पालन कर रहे हैं और पेंशन के सहारे जीवन बसर कर रहे हैं। ऐसे में लोन चुकाना हमारे लिए असंभव है।

#### पता नहीं किस बैंक ने लोन दिया : बिमला

बेटे द्वारा लोन के बारे में घर की मालकिन बिमला देवी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि कितना लोन और किस बैंक से लिया है। उसका कहना है कि इस बात की हस्ताक्षर करवाए गए थे कि उनका बेटा सामान ले रहा है और वह घर आकर साइन करवा कर ले गए थे।

## एसटीएफ से मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

- पुलिस ने संगवाड़ी गांव को घेरकर चलाया सर्च अभियान
- गुरुग्राम से बदमाशों का पीछा कर रही थी एसटीएफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

गुरूग्राम से हिमाचल नंबर की वैन्यू कार का पीछा कर रही एसटीएफ की गाड़ी को संगवाड़ी के पास बदमाशों ने पहले टक्कर मारी, उसके बाद एसटीएफ के सदस्यों पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक बदमाश को कंधे पर गोली लगी। इसके बाद बदमाश गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी। एसपी दीपक सहारन भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए थे।

गैंगस्टर नारनौल के खैरोली निवासी विक्रम उर्फ पपला गुर्जर के गांव का रहने वाला बलवान उर्फ बबलू एक अन्य साथी को लेकर गुरूग्राम से अपनी बुआ के गांव संगवाड़ी की ओर आ रहा था। बबलू पपला गुर्जर से संबंध रखता है। गुरूग्राम एसटीएफ की टीम मानेसर से बदमाशों का पीछा कर रही थी। संगवाड़ी और बखापुर के बीच जब एसटीएफ की टीम ने उनकी कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को साइड मार दी। इससे एक पुलिसकर्मी को भी मामूली चोटें आई हैं। एसटीएफ ने बदमाशों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की गाड़ी को दो गोली लगी हैं। जवाबी कार्रवाई में एक बबलू के कंधे पर गोली लगी। दोनों कार छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया।



रेवाड़ी। कसोला थाने में खड़ी बदमाशों की हिमाचल नंबर की कार।

#### युवक ने पहुंचाया हाइवे तक

बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद बबलू अपनी बुआ के गांव संगवाड़ी में जान-पहचान के युवक टीटू के पास गया। टीटू उसे रोहतक नेशनल हाइवे पर छोड़ आया। इसी दौरान कसोला पुलिस ने संगवाड़ी गांव को घेरकर सर्च अभियान भी चलाया, परंतु पुलिस आरोपियों को काबू नहीं कर पाई थी।

### लाडवा नपा के सचिव तुरंत प्रभाव से निलंबित

**कुरुक्षेत्र।** शहर से कूड़ा उठाने के निर्देश में कोताही बरतने के चलते लाडवा नगर पालिका के सचिव, जिनके पास निसिंग नगरपालिका का भी अतिरिक्त प्रभार है, को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गत दिवस जिला उपायुक्तों, जिला नगर आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान शहरों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह भी सख्त निर्देश दिए थे कि शहरों में कचरे के ढेर न दिखाई दें, कार्य में कोताही करने बरतने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF SH. RAJ KUMAR YADAV
Additional District and Sessions Judge Rohtak
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in
Reminder
Seema D/o Late Som Nath Vs. General Public
CNR No. HRRH01-005352-2023
Next Date:- 22-01-2024
Seema aged-50 years D/o Late Som Nath R/o H. No. 254/7 Salara Mohalla, Julaha Wala Chowk, Rohtak. Mob. No. 7206906400
----Petitioner
Versus
1. General Public. Respondent
Petition under section 276 of Indian Succession Act, 1925
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 22-01-2024 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 22-01-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd. gov.in/?trs- district notice &district=Rohtak
Given under my hand and the seal of the Court, this 20-11-2023.
Sd/-Additional District and Sessions Judge, Rohtak

## उत्तराखंड भातृ संगठन के प्रधान बने सुनील दत्त पंत

**चंडीगढ़।** उत्तराखंड भातृ संगठन, दरिया की ओर से एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारणी में संगठन का प्रधान सुनील दत्त पंत का चुना गया, जबकि उपप्रधान पद हेतु जगबीर पंवार व वरिष्ठ उपप्रधानओम प्रकाश बलूनी, महासचिव पद के लिए संजीव ठाकुर, सचिव बीरसिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रवीन चैहान, सांस्कृतिक मंत्री के लिए जितेंद्र खरौला, ऑडिटर गिरिश खत्ती, खेल मंत्री दिनेश बिष्ट, उप सांस्कृतिक मंत्री दरवान सिंह भण्डारी, माल मंत्री खुशी राम,संगठन सचिव संदीप लखेड़ा को चुना गया। इनके अलावा प्रेस सचिव के लिए कुलदीप धस्माणा, प्रचार सचिव के लिए हरीश पंत, उप प्रचार सचिव कलम सिंह रावत, उपमालमंत्री सजवान, सलाहकार समिति में दीपक उनियाल, शंकर पंवार, बलवंत सिंह बिष्ट को नियुक्त किया गया। यह नियुक्तियां चेयरमैन हरीश बर्थवाल, वाइस चेयरमैन मेहरबान रावत की अध्यक्षता में गई। यह जानकारी प्रेस सचिव कुलदीप धस्माणा ने दी और बताया कि 24 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा।



## स्वच्छता के नाम पर नौ सालों से मुख्यमंत्री कर रहे जनता को गुमराह : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वच्छता के नाम पर पिछले नौ सालों से प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसा कोई शहर नहीं है जहां पर कूड़े के ढेर न लगे हों। अब मुख्यमंत्री कह रहे है कि जहां पर कचरे के ढेर मिले तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस गठबंधन सरकार की घोषणाएं और चेतावनी दोनों ही जुमले बनकर रहे गए हैं। सरकार अपनी कमी छिपाने के लिए बार-बार चेतावनी देती है, कर्मचारी और अधिकारी आज भी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में बैठकर चेतावनी देने से कुछ नहीं होगा, धरातल पर उतरेंगे तो सच्चाई दिखाई देगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता का जीना दूभर हो गया है। इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही यहीं वजह है कि सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए जनता-कर्मचारी जगह-जगह धरना, प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे हैं।



### ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा ने दी जान

**पानीपत।** पानीपत में दो युवकों की ब्लैकमेलिंग से परेशान कक्षा नौ की छात्रा ने जहरीली गोली खाकर आत्महत्या कर ली। इधर, नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य ने बताया कि पानीपत के जाटल रोड पर स्थित एक स्कूल में दो सगी बहनें नौवीं और 11वीं में पढ़ती थीं। उन्हें रास्ते में कुछ मनचले परेशान करते थे। दोनों बहनों की वीडियो भी बना ली और वीडियो को एडिट कर अश्लील बना दिया। दोनों आरोपी लडकी को ब्लैकमेल करने लगे। रुपए न देने पर फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। लडकी ने दोनों युवकों से परेशान होकर सल्फास खाकर जान दे दी। आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**फाईनैंस**

☞ MAHENDRA FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना, मुद्रा लोन (10+2), मार्कशीट, प्रोपेर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH से 40 LAKH तक लोन। महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पायें। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिबिल खराब लोन पाएं, 93503 86748, पहले आएं पहले पायें

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोनीपत में दो ग्राम सचिव निलंबित

**सोनीपत।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुशील कुमार ने खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी राई के कार्यालय में कार्यरत ग्राम सचिव अनुराग व दीपक शर्मा को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए है। उक्त कर्मचारियों का मुख्यालय खण्ड राई निर्धारित किया है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 791 दिनांक 14.12.2023 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान**

**नाम**- सन्दीप
**पिता/पति का नाम** - पुत्र श्री अनिल
**पता**- गांव बालन्द जिला रोहतक।
**उम्र**- 13 वर्ष
**कद**- 4 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा व एक कान कटा हुआ।
**पहनावा** - नहीं पता।



दिनांक 19.11.2023 को सन्दीप पुत्र श्री अनिल निवासी गांव बालन्द थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295888887

पीआरडीएच-1084/11/1992/2024/23483/88/6 दि. 18.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका धारूहेड़ा | एम.सी. धारूहेड़ा में माता मंदिर से एम.सी. सीमा तक शीतल राजस्व रास्ता (166) का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 1.49 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7042342281 SECYMCD-HARUHERA@GMAIL.COM |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23496/I/88/6 दि. 18.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 17, एम.सी. रोहतक में पुराना पुलिस थाना, पुराना बस स्टैंड के निकट पार्क की चारदिवारी के निर्माण हेतु आकलन। | 14.12.2023 27.12.2023 | 20.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी.आर. के अधिकार-क्षेत्र के तहत वार्ड नं. 9, 11 और 12 में कुछ स्थानों पर मैनहोल्स और जी.टीएस कवर करने वाले रैम्प्स के विखण्डन समेत सेक्टर-1, 2, 3, 4, 2पी, 3पी और 14 में बकेट मशीन और सक्शन-कम-जैट्टिंग मशीन द्वारा स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन को साफ करना। | 14.12.2023 16.01.2024 | 202.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | रोहतक में पुराना बस स्टैंड के निकट, सीएमसी कैम्प कार्यालय और लाइब्रेरी एम.सी. के निकट वाटर कूलर और आर.ओ. की स्थापना। | 14.12.2023 27.12.2023 | 5.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में गांव अस्थल बोहर कॉलोनी में धनखड़ जनरल स्टोर से रवीश राठी और विरेन्द्र मलिक तथा सुनील कॉर्नर के मकान से दिनेश पंडित और राजेन्द्र हुड्डा के मकान के निकट गली में आईपीबी टाइल की मरम्मत और आईपीबी टाइल का निर्माण + 5 कार्य। | 14.12.2023 28.12.2023 | 97.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/23488/I/88/6 दि. 18.12.23

## शब्द पहेली - 5368



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5367 का हल



## सूडोकु नवताल - 5378

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# पहली बार दुबई में होगी आईपीएल मिनी नीलामी, 333 खिलाड़ी शार्टलिस्ट, 77 के भविष्य का होगा फैसला



## सभी टीमों के पर्स में कुल 262.95 करोड़

## 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़

### फ्री में देखें ऑक्शन

- ऑक्शन इस बार दुबई में मंगलवार को होने वाली है।
- ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू हो जाएगी।
- ऑक्शन को फैन्स स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनल्स पर लाइव देख सकेंगे।

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 मिनी ऑक्शन को लेकर क्रिकेट फैन्स का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। यह नीलामी मंगलवार को दुबई में होने वाली है। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा, जब नीलामी विदेश में होगी। इस नीलामी में 333 खिलाड़ियों की बोली लगने वाली है। इस बार यह मिनी ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे शुरू होगी। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर हैं। साथ ही इस लिस्ट में 111 कैप्ड और 215 अनकैप्ड प्लेयर हैं। बता दें कि आईपीएल 2024 के लिए सभी 10 टीमों के पास कुल 77 खिलाड़ियों की ही जगह है। यानी शॉर्टलिस्ट किए गए प्लेयर्स में से अधिकतर 77 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे।

सभी टीमों के पर्स में कुल मिलाकर 262.95 करोड़ रुपए हैं। लिस्ट में 23 प्लेयर ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। जबकि 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपए रखा गया है। इनके अलावा 1 करोड़, 50 लाख, 75 लाख, 40 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपए बेस प्राइस वाले प्लेयर भी लिस्ट में शामिल हैं।



### स्टार्क, रचिन पर लग सकती है बड़ी बोली

*आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पर इस बार सबसे बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पर भी टीमें करोड़ों लुटा सकती हैं। रचिन का बेस प्राइस सिर्फ 50 लाख है, लेकिन वनडे विश्व कप के प्रदर्शन को देखते हुए उन पर बड़ी बोली लगना तय है।*

### 215 अनकैप्ड खिलाड़ी

आईपीएल नीलामी की बात करें तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

### टीमों के पर्स में बची राशि

| टीम | राशि |
|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 31.4 करोड़ |
| दिल्ली कैपिटल्स | 28.95 करोड़ |
| गुजरात टाइटंस | 38.15 करोड़ |
| कोलकाता नाइटराइडर्स | 32.7 करोड़ |
| लखनऊ सुपरजाएंट्स | 13.15 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | 17.75 करोड़ |
| पंजाब किंग्स | 29.1 करोड़ |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 23.25 करोड़ |
| राजस्थान रॉयल्स | 14.5 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 34 करोड़ |

## तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच दोपहर 4.30 बजे

# पाटीदार या रिंकू को मिलेगा पदार्पण का मौका, अफ्रीका के खिलाफ वनडे आज

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा। अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे श्रृंखला में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गए जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी।



### पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत

टीम में हालांकि फिलहाल रिंकू की भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते है। पाटीदार 2022 में भी भारतीय वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था। टीम ने इस श्रृंखला में मैच फिनिशर की भूमिका अनुभवी संजू सैमसन को दी है जो राहुल के बाद छठे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे।


### इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे। रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस हालांकि 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा, 'हमें इसे सही या गलत के रूप में नहीं देखना है।

# यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया। आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवट्र्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी। तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्टहैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया।



### रियल मैड्रिड 4-1 की जीत से शीर्ष पर पहुंचा

***मैड्रिड।*** *जूड बेलिंगहैम, रोड्रिगो, ब्राहिम डियाज और लुका मोड्रिक के गोल के बूते रियल मैड्रिड रविवार को विलारियल को 4-1 से शिकस्त देकर ला लिगा की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रियल मैड्रिड की टीम इस जीत के बाद गिरोना पर एक अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मैड्रिड के 17 मैचों में 42 जबकि गिरोना के 16 मैचों में 41 अंक है। रियाल मैड्रिड से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर काबिज गत चैंपियन बार्सिलोना को वालेंसिया ने शनिवार को 1-1 की बराबरी पर रोका था।*

## पीएसजी को लिले ने बराबरी पर रोका...

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन को लीग वन मैच में लिले के खिलाफ रविवार को ज्यादातर समय तक बढ़त बनाने के बावजूद 1-1 की बराबरी से संतुष्ठ होना पड़ा। काइलियान एमबापे ने मैच के 66वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को बढ़त दिला दी थी। मौजूदा सत्र में एमबापे का यह 16वां गोल था। कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने मैच के आखिरी क्षणों (90+4 मिनट) में गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।



# मानसी-तुलसी को स्वर्ण भगत को दो रजत पदक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन ने यहां पांचवें फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशल 2023 टूर्नामेंट में महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता जबकि टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो रजत पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता का आयोजन यूएई में 11 से 17 दिसंबर तक किया गया। विश्व पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया की दूसरे नंबर की मानसी और मुरुगेसन की जोड़ी ने एसएल3-एसयू5 महिला युगल वर्ग के फाइनल में लियानी रातरी ओकतिला और खालिमातुस सादिया की इंडोनेशिया की जोड़ी को 15-21, 21-14, 21-6 से हराया। पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भगत को हालांकि एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल के खिलाफ 17-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल एसएल3-एसयू-4 वर्ग में भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी को फाइनल में हिकमत रामदानी और लियानी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।



## खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए गुवाहाटी तैयार

**गुवाहाटी।** असम का सबसे बड़ा शहर गुवाहाटी अगले साल फरवरी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे सत्र में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुवाहाटी भारत की खेल राजधानी में बदल रहा है। दक्षिण एशियाई खेलों और खेलो इंडिया युवा खेलों की सफलता के बाद शहर अब खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है।'

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल इस्तेमाल करने का तरीका

STEP 1 डा. ऑर्थो तेल की कम से कम 8ml से 10ml मात्रा कटोरी में लेकर पीड़ित अंग/जोड़ पर धीरे-धीरे हल्के हाथ से मालिश करें।

STEP 2 पीड़ित अंग/जोड़ पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से तब तक मालिश करें जब तक तेल पूर्णतः समा न जाए।

STEP 3 आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से मालिश सुबह नहाने के बाद और रात्रि में सोने से पहले करें। यह ज्यादा लाभप्रद रहता है।

STEP 4 डा. ऑर्थो तेल के प्रयोग से पहले एवं बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धो लें।

STEP 5 आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से अधिक एवं शीघ्र लाभ के लिए डा. ऑर्थो के दो कैप्सूल सुबह व दो कैप्सूल शाम को दूध या गुनगुने पानी के साथ सेवन करना लाभकारी है।

STEP 6 पुराने एवं जटिल रोगों के लिए डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल का नियमित 3 माह का प्रयोग अधिक लाभकारी एवं निर्देशित है।

STEP 7 यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। साथ ही यह Clinically Tested भी है।

क्या आप यह भी जानते हैं? जानू बस्ती थेरेपी क्या है और इसे डा. ऑर्थो तेल के साथ इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




Super Saver Pack
Dr. Ortho Oil 200ml also available

24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

## चिंतन

# सांसदों का निलंबन हंगामे का हल नहीं

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने कड़ा एक्शन लिया है। हालांकि यह अपरिहार्य था और इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था, यह बहस का विषय है, पर अभी बीते दो दशक से विपक्षी दलों ने संसद में हंगामे को अपना धर्म जरूर बना लिया है। इससे संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संसद हंगामे का पर्याय बन गई है। लोकसभा और राज्यसभा से सोमवार को 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इनमें 33 लोकसभा व 45 राज्यसभा के हैं। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक सस्पेंड रहेंगे। बाकी तीन- को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक सस्पेंड किया गया है। इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बीते सप्ताह भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था। अभी कुल 92 सांसद निलंबन झेल रहे हैं। इसके बाद से विपक्ष पर सरकार का हमला बढ़ गया है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही कई दिनों से बाधित हो रही है और कई बार स्थगित करनी पड़ रही है। सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां लहराते रहे हैं और सदन की अवमानना करते रहे हैं। यह सांसद के आचरण के अनुरूप नहीं है। पहली बार नहीं है, जब इतने व्यापक स्तर पर सांसदों को सत्र के दौरान हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया हो, आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार सस्पेंड किया गया था। वर्ष 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया था। ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे। ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी। इसी पर हंगामा हुआ था। इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वाकआउट कर दिया था। वर्ष 2013 में लोकसभा की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को पांच दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। ये सांसद आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1962 से ही संसद से सांसदों के निलंबन का इतिहास है। तीन सितंबर 1962 को गोदे मुरहारी को संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2012 के बाद से सांसदों का निलंबन सत्र के दौरान बढ़ा है। इसका कारण यह भी है कि विपक्ष में जो भी पार्टी हो, संसद सत्र के दौरान हंगामा कर संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है। अभी संसद में विधेयकों पर सारगर्भित बहस ना के बराबर होती है, विपक्ष हमेशा सरकार के हर कदम का विरोध करने व उस पर हंगामा खड़ा करने के मूड में रहता है। राज्यसभा के रूल बुक के नियम 255 व लोकसभा रूल बुक के नियम 373 व 374 के तहत सांसदों का निलंबन होता है। सांसदों का सामूहिक निलंबन हंगामा बंद कराने का हल नहीं है, इसका लोकतांत्रिक तरीका ही निकले।



## प्राथमिक शिक्षा
अखिलेश आर्येन्दु

# सरकारी स्कूलों के कब बहुरेंगे दिन

पिछले महीने नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय ने एक आदेश में देश के सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों के लिए उनकी संख्या के अनुपात में शौचालय का राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने व सैनेटरी नैपकिन वितरण योजना पर केंद्र सरकार को अपनी नीति को चार सप्ताह में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। यह मामला कोर्ट में इसलिए लाया गया, क्योंकि इनके अभाव में हजारों लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। यह तब है जब केंद्र व राज्य सरकारें अपने यहां शिक्षा-क्षेत्र में प्रगति के बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन इनके दावों के बावजूद इनकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। करोड़ों बच्चे स्कूल जाते नहीं या प्राथमिक कक्षाओं में ही स्कूल छोड़ देते हैं, तो इनके पीछे के कारणों को समझने और उन्हें सुलझाने में वैसी रुचि केंद्र या राज्य सरकारें क्यों नहीं लेती जैसे दूसरे तमाम मामलों में? आजादी के 76 साल बाद यदि भारत की प्राथमिक शिक्षा-व्यवस्था सवालों के घेरे में है, तो क्या यह सोचने की जरूरत नहीं है कि अभी देश का भविष्य अंधकार में है या विकास की नई सुबह के साथ गरीब घर के बच्चे व उनके अभिभावक अभी शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं हो पाए हैं? यानी केंद्र और राज्य सरकारों को बगैर किसी स्वार्थ के इन उपेक्षित नौनिहालों के लिए शिक्षा के लिए वह माहौल बनाने की जरूरत है जिससे कोई छात्र या छात्रा शिक्षा पाने के लिए जिद करते दिखें। यह जानना क्या जरूरी नहीं है कि आजादी के बाद प्राथमिक शिक्षा किस दिशा में और कहां तक आगे बढ़ सकी है?

दिल्ली सहित सभी राज्यों के सरकारी क्षेत्र की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था, इनकी प्रगति, शिक्षा का स्तर, बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास जैसे तमाम क्षेत्रों की हालात आजादी के 76 सालों के बाद भी दयनीय है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों की शारीरिक व मानसिक हालात बेहतर नहीं हैं। इसका खुलासा दिल्ली सरकार के पायलट परियोजना के तहत बीस सरकारी स्कूलों में कराए गए सर्वे में हुआ है। इसमें 69 फीसदी बच्चे कमजोर पाए गए। सर्वे में बाइस हजार बच्चों की जांच की गई। जांच के दौरान पन्द्रह हजार बच्चों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) रेड जोन में मिला। इसकी एक वजह नही थी, लेकिन बड़ी वजह बच्चों में जंक फूड की बढ़ती लत देखने को मिली।

शिक्षा की गुणवत्ता में सरकारी स्कूल आज भी अच्छे नहीं हैं। बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे तमाम राज्यों के सरकारी स्कूलों की हालात किसी से छिपी नहीं है। यूनेस्को की 2021 की भारत की प्राथमिक शिक्षा की हालात पर जो रिपोर्ट आई उसके मुताबिक एक लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में एक या इससे कम शिक्षक हैं। रिपोर्ट बयां करती है 2022 में शिक्षकों की औसत उपस्थिति 87,1 प्रतिशत है यानी 12 प्रतिशत शिक्षक गैरहाजिर रहे। और पिछले कई वर्षों से औसतन 72 प्रतिशत छात्र गैरहाजिर रहे। लड़के-लड़कियों का स्कूल जाने को लेकर जो असमानता वर्षों से रही है, उसमें सुधार तो आया है, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं आ पाया है। इसकी वजह वे मान्यताएं हैं जो लड़कियों को लड़कों से कमतर बताती हैं। पिछले कुछ सालों में इस दिशा में सुधार तो हुआ है, लेकिन ग्रामीण इलाकों के पिछड़े परिवारों में इस तरह की मान्यताएं आज भी लड़कियों के विकास, प्रगति और शिक्षा के जरिए आगे बढ़ने में रुकावट बनी हुईं हैं। ऐसे परिवारों की लड़कियों के विकास के लिए सरकारी स्तर पर जो कोशिशें हुई हैं उससे कुछ बदलाव तो आया है लेकिन अभी ऐसा बदलाव नहीं आ पाया है कि ग्रामीण बच्चे शहरी क्षेत्रों के बच्चों के मुकाबले के काबिल बन जाते।

पिछले कुछ सालों से राज्य सरकारों ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने के दौरान हाई स्कूल व इंटर के छात्रों को लैपटाप और टैबलेट बंटवाए। इससे बच्चों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के प्रति रुचि बढ़ी, लेकिन उनकी शिक्षा में कोई ऐसा बदलाव देखने को नहीं मिला कि जिससे वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के साथ प्रतियोगिता करने के काबिल बनते। हां, ओडिशा, तमिलनाडु और केरल जैसे कुछ राज्यों ने सरकारी स्कूलों को सुधारने की बेहतर पहल की है। मिसाल के तौर पर पिछड़े राज्यों में शुमार किए जाने वाले ओडिशा में राज्य सरकार की तरफ से 5 टी हाई स्कूल पारदर्शिता कार्यक्रम व प्रौद्योगिकी कार्यक्रम वहां की शिक्षा में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने व विकास की दिशा में दूरगामी परिणाम देने वाले हैं। वर्ष 2021 में ओडिशा सरकार की ओर से शुरू की गईं शिक्षा क्षेत्र की योजनाओं के जरिये किये गए बदलाव देश के बीमारू राज्यों के लिए एक नजीर की तरह हैं।

(लेखक शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जीडीपी ग्रोथ
डॉ. अश्वनी महाजन

# 2026 तक जर्मनी से आगे होंगे हम

**जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपये यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।**

गत 30 नवम्बर को भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही, जुलाई से सितम्बर के दौरान भारत की जीडीपी 7.6 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी, जो 2022-23 की दूसरी छमाही की संवृद्धि दर 6.2 प्रतिशत से कहीं ज्यादा रही। गौरतलब है कि इस तिमाही में भारत की चालू कीमतों पर जीडीपी 71.66 लाख करोड़ रही, जिसका मतलब यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय इस तिमाही में 2.01 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। सितंबर माह में डॉलर की औसत बाजार कीमत 82.5 रूपये प्रति डालर के हिसाब से आज भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2436 डॉलर प्रतिवर्ष है। यदि जीडीपी की अर्ध-वार्षिक ग्रोथ के आँकड़े देखें तो 2023-24 मार्च से सितंबर की जीडीपी 2022-23 के वर्ष के पूर्वार्ध की तुलना में ग्रोथ 7.7 प्रतिशत रिकॉर्ड की गयी। यदि जीडीपी ग्रोथ की यह रफ़्तार जारी रहती है तो जनसंख्या की अनुमानित वृद्धि के साथ सितंबर 2030 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3600 अमेरिकी प्रति वर्ष पहुँच सकती है। ग़ौरतलब है कि वर्ष 2014 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 1500 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष ही थी।

भारत में जीडीपी की संवृद्धि में हालांकि सभी क्षेत्रों का योगदान रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तिमाही की मूल्य संवृद्धि में ग्रोथ का सबसे बड़ा हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग का रहा है, यानि 13.9 प्रतिशत। ग्रोथ की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा ग्रोथ का क्षेत्र कंस्ट्रक्शन का रहा है, जहां 13.3 प्रतिशत की दर से संवृद्धि देखी गई है। तीसरा क्षेत्र बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवा का है, जहां 10.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। उसके बाद खनन है, जहां 10 प्रतिशत की दर से संवृद्धि दर्ज की गई। देखा जाए तो सेवा क्षेत्र में ग्रोथ बहुत उल्लेखनीय नहीं है। चिंता का विषय यह है कि इस तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी ग्रोथ बहुत कम 1.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। लेकिन यह किसी मौलिक दोष के कारण नहीं, बल्कि मानसून की कमी के कारण है।

मैन्युफैक्चरिंग में ग्रोथ भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की नीति की सफलता की ओर इंगित करती है। बड़ी संख्या में नई उत्पादन इकाइयां हर क्षेत्र में लग रही हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक, टेलीकॉम, मशीनरी, सोलर, प्रतिरक्षा, केमिकल, खिलौने, वस्त्र सहित विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। भारत सरकार की उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की नीति के कारण अब जल्द ही लैपटॉप, सेमीकंडक्टर इत्यादि का उत्पादन भी शुरू हो सकता है। डिजिटल क्षेत्र में भी नए उद्यम लग रहे हैं।

यदि कुछ खास संकेतकों को देखा जाए तो कोयला, स्टील, सीमेंट, खनन, बिजली उत्पादन इत्यादि में भी खासी संवृद्धि दर दिखाई दे रही है। कोयले के उत्पादन में 16.3 प्रतिषत वृद्धि दर्ज हुई है, तो सीमेंट उत्पादन में 10.2 प्रतिषत वृद्धि हुई है। स्टील उत्पादन में 19.5 प्रतिषत वृद्धि दिखाई दे रही है। खनन में भी 11.5 प्रतिषत संवृद्धि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की भी संख्या बढ़ी है और रेलवे के भी यात्रियों के आंकड़े



बेहतर संख्या बता रहे हैं। हवाई यात्रियों की संख्या में 22.7 प्रतिषत वृद्धि हुई है। बैंकों में जमा भी 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों में 13 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज हुई है। ये सभी आंकड़े देश में बेहतर होते आर्थिक वातावरण की ओर इंगित कर रहे हैं। समझना होगा कि मैन्युफैक्चरिंग की ग्रोथ का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कहीं ज्यादा होती है। भारत में जहां आर्थिक संवृद्धि की दर 7.6 प्रतिशत है, चीन में यह मात्र 4.9 प्रतिशत दर्ज की गई है, रूस में 5.5 प्रतिशत और संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 5.2 प्रतिशत। गौरतलब है कि जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपये यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।

हमारे ग्रोथ का अनुभव कुछ खट्टा-मीठा रहा है। पिछले तीन दशको में जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े तो उत्साहजनक रहे लेकिन रोज़गार के मोर्चे पर हम पिछड़ते रहे। उसका कारण यह रहा कि हमारी जीडीपी ग्रोथ में सेवाओं का योगदान ज़्यादा, लेकिन मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान कहीं कम रहा। देखा जाए तो 1995-96 में जहां जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान 21.5 प्रतिशत था, वह 2017-18 तक घटकर मात्र 16.5% ही रह गया। मैन्यूफ़ैक्चरिंग में जहाँ रोज़गार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कई गुना ज़्यादा होती है, का हिस्सा जीडीपी में घटने का असर रोज़गार वृद्धि पर भी पड़ा। युवा भारत की जनसांख्यिकी का फ़ायदा मिलने की बजाए देश में युवा जनसंख्या को रोज़गार न मिलने के कारण समस्याएँ और ख़तरे बढ़ने लगे। ग़ौरतलब है कि देश में बेरोज़गारी की दर लगातार बढ़ती रही। कोविड 19 के प्रकोप के बाद यह समस्या पहले से ज़्यादा विकट हो गई थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मैन्यूफ़ैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने के कारण इस क्षेत्र में कुछ ग्रोथ दिखाई देने लगी है। हालाँकि नई श्रृंखला के हिसाब से जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का हिस्सा 2020-21 में 18.3% से बढ़ता हुआ वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही तक सिर्फ़ 18.7% तक ही पहुँचा है, लेकिन इस दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी की दर में जुलाई-सितंबर 2022 में 7.7 प्रतिशत से घटती हुई जुलाई-सितंबर 2023 में 6.6% ही रह गई है। कार्मिक जनसंख्या का अनुपात भी शहरी क्षेत्रों में 44.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 46 प्रतिशत तक पहुँच गया है। शहरों में बढ़ते रोज़गार के आंकड़े मैन्यूफ़ैक्चरिंग ग्रोथ के सुपरिणामों की तरफ़ इंगित कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सभी ग्लोबल रेटिंग एजेंसियां का रुख भी सकारात्मक है। संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन आदि सभी ग्लोबल संगठन भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ को लेकर आशान्वित हैं, ये सभी भारत की आर्थिक नीतियों के समर्थक हैं। हमारी जीडीपी दर सबसे तेज है।

(लेखक जानेमाने अर्थशास्त्री व दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए


हमारा देश गांवों का देश है। यहां पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांवों की दशा सुधारने के लिए कहा था कि अगर पंचायती राज संस्थाएं उचित तरीकों से काम करती हैं और आम जन विकास के कामों में भाग लेता है, तो देश में माओवादी खतरे का मुकाबला भी किया जा सकता है। पंचायतें लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी और आधार होती हैं। गांवों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा जिम्मेदारी पंचायतों की होती है। पंचायतों से यही उम्मीद होती है कि वे अपने-अपने गांव में अच्छा बदलाव और विकास करेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेंगी।

*-राकेश गुप्ता, कांकेर*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने किया लंबी दूरी मिसाइल परीक्षण

उत्तर कोरिया ने लगभग पांच के अंतराल के बाद सोमवार को अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। इसे परमाणु गतिविधियां रोकने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उठाये गये कदम के बदले दबाव की रणनीति के तौर पर उत्तर कोरिया का जवाब माना जा रहा है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उत्तर कोरिया की 'ह्वासोंग-18 आईसीबीएम' का संदर्भ देते हुए मिसाइल को ठोस ईंधन वाला हथियार बताया है। कहा जाता है कि तरल-ईंधन वाले हथियारों की तुलना में विरोधियों के लिए इसके प्रक्षेपण का पता लगाना बेहद मुश्किल होता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुछ समय पहले 'ह्वासोंग-18' को अपने परमाणु आयुध का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया था। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। उसने कहा कि मिसाइल का प्रक्षेपण उंचाई की तरफ किया गया था। इससे साफ है कि पड़ोसी देशों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए ऐसा किया गया था।



## ऑफ बीट

# गरीब इलाकों में कैंसर से मृत्यु का खतरा अधिक

राष्ट्रीय स्तर पर, अधिकांश तरह के कैंसर से मरने का जोखिम कम हो रहा है और यह उचित जांच, निदान और उपचार में सुधार से संभव हुआ है। लेकिन नए शोध से पता चलता है कि जब कैंसर की देखभाल की बात आती है तो इंग्लैंड में अभी भी गंभीर स्वास्थ्य असमानताएं मौजूद हैं। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग इंग्लैंड के सबसे गरीब हिस्सों में रहते हैं, उनमें अधिक समृद्ध क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की तुलना में कैंसर से मरने का जोखिम 70% से अधिक है। अपने अध्ययन का संचालन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने इंग्लैंड के 314 जिलों में 2002-2019 के बीच सबसे अधिक मौतों का कारण बनने वाले दस कैंसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के डेटा का विश्लेषण किया। किसी व्यक्ति की मृत्यु के समय पोस्टकोड का उपयोग प्रत्येक कैंसर से होने वाली मृत्यु को एक जिले के साथ निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता था। प्रत्येक जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को अभाव के अंग्रेजी सूचकांकों के डेटा का उपयोग करके मापा गया था। यह कम आय के कारण अभाव का अनुभव करने वाली जनसंख्या के अनुपात का अनुमान लगाता है। टीम ने अपने अध्ययन में केवल 80 वर्ष की आयु से पहले कैंसर से हुई मौतों को शामिल किया।



## ट्रेंड

### उत्साह बढ़ाने वाला

वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हमारी माताओं और बहनों ने बताया कि किस तरह उज्ज्वला और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से उनका जीवन आसान हुआ है। किस तरह से उन्हें लाभ मिल रहा है। यह हम सभी के उत्साह बढ़ाने वाला है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं

जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करना हर नागरिक का सांविधानिक अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेकर सत्ता चलाने वालों को याद दिलायी जाए। नियमों के उल्लंघन पर यदि दुर्भावना आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**



### एक उत्कृष्ट सीख

मेरे पिता कभी सख्त नहीं थे। उन्होंने मुझे यह चुनने दिया कि मैं जीवन में क्या करना चाहता हूं और समर्थन किया। जिस तरह से उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण किया और आज़ादी दी। वह पालन-पोषण के लिए एक उत्कृष्ट सीख है।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**



### गाने में जान भर दी

तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा, वादों का, इरादों का और अपने यारों का यार, एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





## वाराणसी की जनता के सामने नौ संकल्प रखे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता से नौ संकल्प और इन्हें पूरा करने का प्रयास करने की अपील की। मोदी ने कहा, "**मेरा पहला संकल्प** है-पानी की बूंद-बूंद बचाइए और जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। **दूसरा- गांव-गांव जाकर** लोगों को डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक करें और ऑनलाइन भुगतान सिखाएं। **तीसरा- अपने गांव**, मोहल्ले, शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए काम करें।" उन्होंने कहा, "**चौथा संकल्प-जितना हो** सके आप लोकल, स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा दें, भारत में बने उत्पाद का इस्तेमाल करें। **पांचवां- सबसे पहले अपने** देश में घूमिए, उसके बाद ही विदेशों में घूमने का मन बनाएं। उन्होंने कहा, "मैं **छठी बात कहता** हूं- प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा **सातवां आग्रह** है कि मोटे अनाज को अपने रोजमर्रा के खान-पान में शामिल करें, इसका खूब प्रचार-प्रसार करिए, यह "सुपर फूड" है। उन्होंने कहा, "मेरा **आठवां संकल्प है**- योग, खेल को भी अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और **नौवां- कम से कम** एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए। ये भारत में गरीबी दूर करने के लिए जरूरी है।'

### वाराणसी दौरा : पीएम ने 19,150 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया

# मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गई : मोदी

**वाराणसी (उप्र) (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गयी है। मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन सेवापुरी विकासखंड के बरकी गांव में वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 19,150 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने 'गारंटी वाली गाड़ी' को स्पष्ट करते हुए कहा, "हमारी सरकार ने जनकल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। पहले गरीब सरकार के पास सुविधाओं के लिए चक्कर लगाता था। अब मोदी ने कह दिया है कि सरकार खुद चलकर गरीबों के पास जाएगी। इसलिए मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' एकदम सुपरहिट हो गयी है।" मोदी ने 'काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता-2024' की शुरुआत की। मोदी ने वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन, दोहरीघाट-मऊ ट्रेन समेत कई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित किया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-ग्रामीण' के तहत यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "यहां काशी में मुझे भी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल होने का अवसर मिला। इस यात्रा में जो गाड़ी चल रही है उसको देशवासी 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' कह रहे हैं।



### नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों से जुड़ी 19,150 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, दोहरीघाट-मऊ मेमो ट्रेन और लॉन्ग हॉल मालगाड़ियों की एक जोड़ी को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बनारस लोकोमोटिव वर्क्स द्वारा निर्मित 10,000वें लोकोमोटिव को भी रवाना किया। प्रधानमंत्री ने 370 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो आरओबी (रेलवे उपरिगामी सेतु) के साथ-साथ ग्रीन-फील्ड शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा सड़क का भी उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, पुलिस कर्मियों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पुलिस लाइन और पीएसी भुल्लनपुर में 200 और 150 बिस्तरों वाले दो बहुमंजिला बैरक भवन, नौ स्थानों पर बने स्मार्ट बस शेल्टर और अलाईपुर में बने 132 किलोवाट के सबस्टेशन का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

### पीएम मोदी ने महिला से पूछा चुनाव लड़ना हो तो बताओ

इससे पहले पीएम मोदी ने 20 साल में 100 करोड़ की लागत से तैयार 7 मंजिला स्वर्वेद महामंदिर की दीवारों पर उकेरी अद्भुत नक्काशी देखी। फिर जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने गरीबी मिटाने के लिए लोगों से आग्रह किया। कहा- कम से कम एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए। उन्होंने लोगों को 9 संकल्प दिलाए। पीमए मोदी ने बरकी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो-कराटे के खिलाड़ियों का दमखम देखा। यहां लाभार्थी चंदा देवी से पूछा कि कितनी पढ़ाई की हो? चंदा ने कहा- 12वीं पास हूं। इस पर मोदी ने कहा कि आप इतना अच्छा बोलती हो, चुनाव लड़ी हो क्या कभी। चंदा बोलीं- नहीं। फिर मोदी ने कहा चुनाव लड़ना हो तो बताओ। मुझे आप जैसी गांव की 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है।

### बनारस की बेटियां ड्रोन की दुनिया में मचाएंगी धूम

पीएम ने कहा, अभी जो विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है, उसमें सभी किसान ड्रोन को देखकर बहुत उत्साहित हो रहे हैं। ये ड्रोन हमारी कृषि व्यवस्था का भविष्य गढ़ने वाला है। इससे दवा हो, फर्टिलाइजर हो, इनका छिड़काव और आसान हो जाएगा। इसलिए सरकार ने नमो ड्रोन अभियान भी शुरू किया है। इसे गांव के लोग नमो दीदी भी बोलते हैं। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब काशी की बहन-बेटियां भी ड्रोन की दुनिया में धूम मचाने वाली हैं। भोजपुरी में बोलते हुए पीएम ने कहा-बनास डेयरी किसानन बदे वरदान साबित भयल हौ। बनारस में आधुनिक बनास डेयरी प्लांट का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। 1 महीने में काम पूरा भी हो जाएगा। बनास डेयरी बनारस में 500 करोड़ से ज्यादा का निवेश कर रही है। ये डेयरी यहां पर गौ-संवर्धन का भी अभियान चला रही है ताकि दूध का उत्पादन और बढ़े। लखनऊ और कानपुर में बनास डेयरी के प्लांट पहले से चल रहे हैं। इस साल बनास डेयरी ने यूपी के 4 हजार से ज्यादा किसानों को 1 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया है।

---

## खबर संक्षेप

### नड्डा ने शिवराज सिंह को दिल्ली बुलाया

**भोपाल (भाषा)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से मिलने के लिए सोमवार शाम को नयी दिल्ली जाएंगे। इस महीने की शुरुआत में राज्य विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद चौहान की यह पहली दिल्ली यात्रा होगी। चौहान ने सोमवार को राज्य विधानसभा भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से राज्य में 'पीढ़ीगत बदलाव' हुआ है।

### राम मंदिर में सोने की पादुकाएं विराजित होंगी

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। फिलहाल ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है। इसी सिलसिले में रविवार 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया।

### 'इंडिया' गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा : लालू



**पटना (भाषा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बाहर कर देगा। गठबंधन की मंगलवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में शिरकत करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी जाने के वास्ते अपने बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ पटना हवाईअड्डे पहुंचे प्रसाद ने पत्रकारों से कहा कि गठबंधन की बैठक में सहयोगी एक साथ बैठेंगे और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। मोदी के फिर से सत्ता में लौटने के भाजपा के दावे को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रसाद ने नाराजगी भरे लहजे में कहा, रोज यही बात पूछते हैं। क्या है नरेन्द्र मोदी? आएंगे तो आएं।

### गांव गोद लेकर छात्रों ने उठाया ग्रामीणों की उन्नति का बीड़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) के बीटेक व एमटेक के 14 छात्रों ने एक गांव को गोद लेकर वहां के ग्रामीणों की उन्नति का बीड़ा उठाया है। हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले इस बडसर गांव में छात्रों का समूह पहुंचकर कौशल विकास उद्यमिता के लिए अलसी के घरेलू उपयोगों पर हेंडस आन प्रशिक्षण दे रहा है। ग्रामीणों की आर्थिक मजबूती के लिए आयोजित इस नौ दिवसीय विशेष कार्यक्रम में छात्र बडसर गांव के खाद्य विभाग एचओडी डा. रजनी चोपड़ा के नेतृत्व में पहुंचे हैं। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान का यह ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम है। अलसी इस क्षेत्र का स्थानीय उत्पाद है। कार्यक्रम के दौरान उन्हें आर्थिक मजबूती देने मूलमंत्रों को समझाया जा रहा है। छात्र कार्यक्रम के दौरान पैकेजिंग और लेबलिंग की प्रक्रियाओं को इतनी सटिक ढंग से समझा रहे हैं कि हर दिन के कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण अलसी से संबंधित खाद्य उत्पाद बनाने की प्रक्रिया की विधि को मन लगाकर समझ रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिन छात्रों के द्वारा जानकारी दी जा रही है, उनमें बीटेक के आर्यन सिंह सिकरवार, अंकित कांत, अनुषा सिंह, कार्तिकेय, मानिका वर्मा, नमन मदन, शैलजा चौधरी, सुषमा व एमटेक के योगी वोरा, धनश्रि लेंजवार, आशीष थोराट, दिशा निखारे, परिवेश राणा व समीक्षा शर्मा शामिल है।



### डाक नेटवर्क को मिलेगा और अधिक विस्तार

## संसद में ध्वनिमत से पारित हुआ डाकघर विधेयक-2023




**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 पारित कर दिया। राज्यसभा से इस विधेयक को पहले ही पारित किया जा चुका है। इसी के साथ विधेयक को अब संसद की मंजूरी मिल गई है। बता दें, यह विधेयक भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 का स्थान लेगा। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सरकार, सुरक्षा सहित विशेष कारणों से डाक से भेजी गई किसी भी सामग्री को जांच के लिए रोक सकती है। संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि डाक विभाग अंत्योदय की अवधारणा को पूरा करने की दिशा में सराहनीय काम कर रहा है। अब इसकी भूमिका बदल गई है और उसके अनुसार बदलाव भी आवश्यक हैं। डाक विभाग अब बैंकिंग और अन्य सेवायें प्रदान कर रहा है। विधेयक में बदलाव इस दिशा में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में डाक सेवाएँ, डाकघर और डाकिए केवल पत्राचार तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा मुहैया कराने वाले संस्थान में बदल गए हैं।

#### इन सेवाओं को मिलेगी कानूनी रूपरेखा

यह पासपोर्ट सेवाओं और डाक विभाग द्वारा संचालित आधार नामांकन सेवाओं को एक कानूनी रूपरेखा प्रदान करेगा। इस समय डाकघर बचत बैंक में 26 करोड़ से अधिक खाते हैं, जिनमें 17 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। भारतीय डाक देश के लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है और पिछले नौ वर्षों में सरकार ने इस विभाग में काफी सुधार किए हैं। विधेयक के अनुसार नए अधिनियम देश में डाकघरों के कामकाज को नियंत्रित करने और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के वितरण के लिए डाकघरों को एक नेटवर्क में विकसित करने की सुविधा के लिए एक सरल विधायी ढांचा प्रदान करने की दृष्टि से लाया गया है।

### संसद से विपक्षी दलों के 33 सदस्यों को निलंबित किए जाने पर बोला हमला

## विपक्ष विहीन संसद में चर्चा के बिना विधेयक पारित करवा सकती हैं सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा से विपक्षी दलों के 33 और सदस्यों को निलंबित किए जाने के बाद सोमवार को सरकार पर लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डालने का आरोप लगाया और दावा किया कि अब सरकार विपक्ष विहीन संसद में बिना किसी चर्चा के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करवा सकती है। लोकसभा में तख्तियां लेकर हंगामा करने के कारण कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी समेत कुल 33 सदस्यों को सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया। इनमें से 30 सदस्यों को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए और तीन सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। कुछ दिन पहले ही लोकसभा के 13 सदस्यों और राज्यसभा के एक सदस्य का निलंबन हुआ था। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सबसे पहले कुछ लोगों ने संसद पर हमला किया। फिर मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। निरंकुश मोदी सरकार द्वारा 47 सांसदों को निलंबित करके सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डाला जा रहा है।'



### विपक्ष को रौंदने के लिए संसद में बुलडोजर चला रही है सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने लोकसभा से 33 और विपक्षी सदस्यों के निलंबन को तानाशाही भरा कदम करार देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को रौंदने के लिए संसद में बुलडोजर चला रही है। लोकसभा में आसन की अवमानना के आरोप में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी समेत कुल 33 सदस्यों को सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया। इनमें से 30 सदस्यों को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए और तीन सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। कुछ दिन पहले ही लोकसभा के 13 सदस्यों और राज्यसभा के एक सदस्य का निलंबन हुआ था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सबसे पहले कुछ लोगों ने संसद पर हमला किया। फिर मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। निरंकुश मोदी सरकार द्वारा 47 सांसदों को निलंबित करके सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में डाला जा रहा है।" उन्होंने दावा किया, "विपक्ष विहीन संसद के साथ मोदी सरकार अब बिना किसी चर्चा के महत्वपूर्ण लंबित कानूनों को पारित कर सकती है, विरोध की आवाज कुचल सकती है।" निलंबन के बाद चौधरी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि इस सरकार में तानाशाही चरमसीमा पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग रही है कि हमारे जिन साथी सांसदों को निलंबित किया गया है, उनका निलंबन रद्द हो और गृहमंत्री अमित शाह जी संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सदन में आकर बयान दें।

---

## व्यापार समाचार

### शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 168.66 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। एशिया के ज्यादातर बाजारों के कमजोर रुख के बीच निवेशकों के मुनाफावसूली करने से यह गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 168.66 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,315.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.46 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 38 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,418.65 अंक पर बंद हुआ।

**इन शेयरों में रही घट-बढ़ :** सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और मारुति शामिल हैं।

### सोना 100 रुपये मजबूत चांदी 350 रुपये चमकी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 350 रुपये उछलकर 77,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद सोमवार को दिल्ली के बाजारों में सोना 100 रुपये मजबूत होकर 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।' एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोमवार को सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 162 रुपये घटकर 62,030 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 153 रुपये उछलकर 74,678 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में समय पर ही होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** चुनावी सीमाओं के परिसीमन पर उठाई गए आपत्ति के खिलाफ पाकिस्तान उच्चतम



न्यायालय ने फैसला सुनाया है। अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार रात पाकिस्तान में आम चुनावों का कार्यक्रम जारी किया गया है। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने चुनाव आयोजन निकाय द्वारा किए गए परिसीमन को बदलने के खिलाफ ईसीपी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई की।

### नेपाल में राममयी जनकपुर नगरी झांकी पर हेलीकॉप्टर से बरसाए फूल



**जनकपुर।** नेपाल के जनकपुर के जानकी मंदिर में रविवार को भगवान श्रीराम और जानकी का विवाह हुआ। जहां एक ओर अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के अयोध्या से नेपाल के जनकपुर पहुंची बारात के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जनकपुरवासी जुटे। 12 दिसंबर को शुरू हुए 7 दिन के विवाह पंचमी उत्सव का यह भव्य नजारा है। पारंपरिक विवाह महोत्सव के साक्षी देश विदेश के आए करीब 10 लाख श्रद्धालु बने।

### मारा गया आतंकी सरगना हाफिज सईद का राइट हैंड हबीबुल्लाह

# पुलवामा और उरी अटैक के आतंकी हबीबुल्लाह को गनमैन ने मारी गोली

*आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था। आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक और बड़े आतंकवादी की हत्या हो गई है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हबीबुल्लाह का पाकिस्तान में एक अज्ञात गनमैन ने कत्ल कर दिया। हालांकि, लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह की गोली मारकर किसने हत्या की है, इसका पता नहीं चल पाया है। आतंकवादी हबीबुल्लाह लश्कर चीफ हाफिज सईद का काफी करीबी था और उसकी हत्या सईद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था।



आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात बंदूकधारियों यानी गनमैन ने अब तक लगभग 23 आतंकवादियों को मार गिराया है।


**खास बातें**

- पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी
- वह पाकिस्तान में अवाम को आतंकी बनने के लिए करता था मोटिवेट
- अब तक 23 से ज्यादा आतंकी मारे जा चुके हैं

**कौन था हबीबुल्लाह?**

- *आतंकी हबीबुल्लाह को खान बाबा के नाम से भी जाना जाता था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा के लिए युवाओं को भर्ती करने और प्रशिक्षण देने और उन्हें भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सीमा पार भेजने के लिए जिम्मेदार था।*
- *वह 2016 के उरी हमले में लगभग 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए थे।*
- *वह 2019 के पुलवामा हमले में भी शामिल था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।*

## दाऊद इब्राहिम की मौत की वायरल खबर के बाद समधी क्रिकेटर जावेद नजरबंद



पाकिस्तान से बड़ी खबर आ रही है। मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है और कराची के अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। पाकिस्तान में कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

दाऊद से समधी पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरी परिवार सहित हाउस अरेस्ट किया गया है। दाऊद इब्राहिम भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। सोमवार को भी दिनभर ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं, लेकिन किसी ने सरकारी एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है वह मर चुका है। दाऊद को कथित तौर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहर दे दिया और उसे कराची के एक अस्पताल में ले जाया गया। पाक मीडिया में आ रही रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दाऊद की हालत गंभीर है और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। कुछ रिपोर्ट्स में बताया कि दाऊद ठीक है, और कराची के घर में रह रहा है। दाऊद के समधी पूर्व पाकिस्तान दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरे परिवार सहित हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।

**मुंबई हमले का मोस्ट वांटेड है दाऊउ इब्राहिम**

दाऊद इब्राहिम का कनेक्शन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज क्रिकेटरों में से एक से है। इस क्रिकेटर के बेटे की शादी दाऊद की बेटी से हुई है और जब यह शादी हुई तो भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में भारी हंगामा हुआ। दाऊद पर 1993 के मुंबई बम धमाकों की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें करीब 250 लोग मारे गए थे। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए थे। इन धमाकों ने मुंबई और पूरे देश में कई दंगों को जन्म दिया।



## लखनऊः एसजीपीजीआई के ओटी में वेंटिलेटर फटा

### महिला व बच्ची के ऑपरेशन के दौरान लगी आग, दोनों की मौत

**लखनऊ (भाषा)।** संजय गांधी परस्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में सोमवार को वेंटिलेटर फटने से आग लग गई। इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के वक्त एक महिला की एन्डो सर्जरी और एक बच्ची की हार्ट सर्जरी हो रही थी। पीजीआई के डॉक्टरों ने बताया कि मरने वाली महिला 26 साल की तैय्यबा है, जबकि बच्ची अभी मात्र 31 दिन की थी। इसलिए उसका नामकरण भी नहीं हो पाया था। उसकी मां का नाम नेहा है। आग लगने से वहां कई लोग फंस गए। ऑपरेशन थियेटर में भी काफी धुआं भर गया। पुलिस-प्रशासन की टीम ने खिड़की से अंदर फंसे लोगों को निकाला। फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।आग लगने के कारण उत्पन्न व्यवधान के चलते दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किए गए दो मरीजों की मौत हो गई।

**दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : पाठक**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मामले की बिंदुवार जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**जांच के आदेश**

एसजीपीजीआई के डायरेक्टर डॉक्टर आरके धीमान ने बताया कि कमेटी बनाकर मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।

**ऐसे लगी आग**

एसजीपीजीआई के एक बयान के मुताबिक, संस्थान के पुराने ऑपरेशन थियेटर में अपराह्न 12:40 बजे एक मॉनिटर से चिंगारी निकलने के कारण आग लग गई।




### आईएस नेटवर्क केस में 4 राज्यों में एनआईए के छापे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 4 राज्यों में 19 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे आईएआईएस नेटवर्क केस के तहत की गई। एनआईए ने कर्नाटक के 11, झारखंड के 4, महाराष्ट्र की 3 व दिल्ली में एक ठिकाने को खंगाला है। टीम ने प्रतिबंधित आईएआईएस के 8 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। ये सदस्य आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों और आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल हैं।

### रणवीर ने किया अपने मोम के पुतले का अनावरण



**लंदन।** अभिनेता रणवीर सिंह ने लंदन और सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में अपने मोम के पुतलों का अनावरण किया। इसके साथ ही रणवीर सिंह सबसे हालिया भारतीय शख्सियत बन गए हैं, जिनका मोम का पुतला मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाया गया है। सिंह का मोम का पुतला लगाने को लेकर मूल रूप से 2019 में घोषणा की गई थी, जब अभिनेता को आईफा पुरस्कार समारोह में 'मैडम तुसाद ऑफ द फ्यूचर अवार्ड' मिला था।

### देश में कोरोना से एक दिन में पांच की मौत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत में कोविड-19 मामलों में फिर इजाफा होने लगा है। केरल में कोविड का नया सब वैरिएंट जेएन.1 मिला है। इससे रविवार को 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूपी में भी कोविड पॉजिटिव शख्स की जान चली गई। हालांकि यह पता नहीं चला है कि यह मरीज जेएन.1 से संक्रमित था या नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए और एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई। उधर, कर्नाटक सरकार ने 60 साल के ज्यादा उम्र के उन लोगों के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया है, जिन्हें बुखार, कफ और खांसी आ रही है।




*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

डाउन पेमेंट 5999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | 100 पे 100* | बिना हाइपोथिकेशन* | 10% कैशबैक ₹5000* तक

डीलर की जानकारी के लिए 7230032200 पर WhatsApp या मिस्ड कॉल करें या QR Code को स्कैन करें

1. इयरफ़ोन कनेक्ट करें
2. QR Code स्कैन करें
3. वीडियो का आनंद लें

CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Hamilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**